सुविचार



कठिनाइयां भगवान का संदेश होती हैं, उनका सामना करते समय हमें भगवान के विश्वास के रूप में, भगवान से अभिनंदन के रूप में उनका सम्मान करना चाहिए। -हेनरी वार्ड बीचर

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- इधर एक्शन, उधर एनकाउंटर...तीन पशु तस्करों को लगी गोली-II
- पेट्रोल संकट का शोर, पंपों पर भीड़ का जोर-III
- पदयात्रा से दिया मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी का संदेश-IV

बरेली, मंगलवार, 24 मार्च 2026


## सिटी ब्रीफ

### स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा फार्म 25 से भरे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एनईपी के तहत संचालित शैक्षणिक सत्र 2025-26 की स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के बीए, बीएससी और बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, साथ ही बीएससी (गृह विज्ञान) के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के संस्थागत व बैक परीक्षा फॉर्म 25 मार्च से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के फॉर्म mjpru.samarth.edu.in पर भरे जाएंगे, जबकि अन्य श्रेणियों के फॉर्म विवि की आधिकारिक वेबसाइट mjpru.ac.in पर उपलब्ध होंगे। छात्र 10 अप्रैल तक ऑनलाइन फॉर्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

### सामाजिक विज्ञान की परीक्षा अब 28 को

बरेली, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय विद्यालयों में कक्षा पांचवीं और आठवीं की तीन विषयों की वार्षिक परीक्षाओं की तारीख में सोमवार को बदलाव किया। मंगलवार को होने वाली यह परीक्षा अब 28 मार्च को कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षा निदेशक कार्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 मार्च को कक्षा पांच के गणित एवं सामाजिक विषय तथा कक्षा आठ के गणित एवं विज्ञान विषय की परीक्षा होनी थी। अब यह परीक्षाएं 28 मार्च को आयोजित की जाएंगी। परीक्षा संपन्न होने के बाद मूल्यांकन कार्य कराया जाएगा और छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल उनके अभिभावकों की उपस्थिति में घोषित करना सुनिश्चित करना होगा। बीएसए डॉ. विनीता ने बताया कि परीक्षाओं की तिथि में हुए इस बदलाव की सूचना स्कूल संचालकों और शिक्षकों के माध्यम से छात्र-छात्राओं तक पहुंचाई जा रही है। वहीं, 30 मार्च को परीक्षा फल घोषित किया जाएगा।

### पैरामेडिकल परीक्षाओं को केंद्रों की सूची जारी

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 30 मार्च से शुरू होने वाली बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की मुख्य व पूरक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की घोषणा कर दी। बरेली, शाहजहांपुर और मुरादाबाद मंडल के 12 कॉलेजों के लिए दो मुख्य परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बरेली और शाहजहांपुर के नौ कॉलेजों में ज्योति कॉलेज, गंगाशील, केशलता, एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कर्तिका नर्सिंग कॉलेज, राजश्री नर्सिंग इंस्टीट्यूट मीरगंज, वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग शाहजहांपुर की परीक्षा विश्वविद्यालय कैंपस स्थित एलएलएम विभाग में होगी।

### शहर में आज

- प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पांचाल सभागार में संगोष्ठी में दोपहर 3 बजे।
- नगर निगम के मीटिंग हाल में संभव जनसुनवाई सुबह 10 बजे से।

## पटेल चौक पर लगा जाम





सोमवार दोपहर अचानक ट्रैफिक बढ़ने के कारण पटेल चौक पर काफी देर तक जाम के हालत बने रहे। वाहन चालक व राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ा। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। ● अमृत विचार

## फरीदपुर में 13 एकड़ में उप मंडी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र व आस-पास के किसानों को अब जिले या कहीं दूर की मंडी में भटकना नहीं पड़ेगा। मंडी प्रशासन की तरफ से फरीदपुर में 13 एकड़ जमीन पर नई उप मंडी स्थापित करने के भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने हरी झंडी दे दी है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

नई उप मंडी में किसानों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ दुकानें, प्लेटफॉर्म, नीलामी स्थल, कोल्ड स्टोरेज समेत गोदाम जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। उप मंडी बनने से फरीदपुर और आसपास के गांवों के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए शहर की मुख्य मंडी तक नहीं जाना पड़ेगा।

# भूखंड आवंटन से बीडीए मालामाल 267 हेक्टेयर में बसेगी नई टाउनशिप

## प्राधिकरण के नवीन कार्यालय परिसर में शिविर में भूखंड आवंटित, जुटे निवेशक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बीडीए के नवीन कार्यालय में आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारी व निवेशक। ● अमृत विचार

- **अत्याधुनिक टाउनशिप में 45 मीटर चौड़ी सड़कें व एम्यूजमेंट पार्क, निवेश के खुलेंगे नए द्वार**

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने अपनी व्यावसायिक संपत्तियों की नीलामी के माध्यम से राजस्व अर्जन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सोमवार को प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन में आयोजित नीलामी शिविर में रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजनाओं के विभिन्न सेक्टरों में स्थित व्यावसायिक भूखंडों का आवंटन किया गया। इससे प्राधिकरण को 140 करोड़ रुपये की रिकार्ड आय प्राप्त हुई, जो शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

शिविर सचिव वन्दिता श्रीवास्तवा और मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी शिवधनी सिंह यादव सहित वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकन्डन. ए का कहना है कि प्राधिकरण ने व्यावसायिक संपत्तियों के प्रति निवेशकों और आम जनता के भारी उत्साह को देखते हुए शहर के विस्तार की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। बीते वर्षों में रामगंगा नगर योजना को जिस तेजी से विकसित किया है, उसने निवेशकों का भरोसा जीता है। पूर्व में भी व्यावसायिक संपत्तियों की नीलामी से प्राधिकरण को करोड़ों का राजस्व प्राप्त हुआ।

अब रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली योजनाओं की सफलता के बाद बीडीए ने आवासीय मांगों को पूरा करने के लिए एक नई टाउनशिप विकसित करने की योजना तैयार की है। यह महत्वाकांक्षी टाउनशिप दिल्ली-लखनऊ बड़ा बाईपास और पीलीभीत बाईपास राजमार्ग के संगम पर लगभग 267 हेक्टेयर में फैली होगी। इसके लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया भी शासन स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। नई टाउनशिप को आधुनिक शहरी सुविधाओं से लैस करने के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर लेआउट तैयार किया है। इसमें यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए 45 मीटर और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़कें बनाई जाएंगी, जबकि आंतरिक सड़कों की चौड़ाई भी न्यूनतम 18 मीटर रखी गई है। यह टाउनशिप न केवल बरेली बल्कि आसपास के जनपदों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगी।

### तारों से मुक्त होगी अत्याधुनिक टाउनशिप

बीडीए की प्रस्तावित नई टाउनशिप अपनी अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के कारण भविष्य का ''स्मार्ट हब'' बनने जा रही है। इस योजना की बड़ी विशेषता इसका सौंदर्य और आधुनिकता है, जहां बिजली की सभी लाइनें भूमिगत होंगी। तारों के मकड़जाल से मुक्ति मिलेगी। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए परिसर के भीतर ही 132 केवीए का अपना पॉवर सब-स्टेशन बनाया जाएगा। साथ ही, निवासियों के सामाजिक जीवन और मनोरंजन के लिए एम्यूजमेंट पार्क और कम्युनिटी सेंटर जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। नीलम श्रीवास्तव, अजीत कुमार और अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस योजना को शहर के विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

## यह कैसा मेल...लंबे समय से चल रहा था खाद का खेल



गोदाम में छापेमारी के दौरान मौजूद जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी। (फाइल फोटो)

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ऑर्गेनिक पोटाश बताकर ठगा करते थे किसानों को, बरेली से मुरादाबाद तक फैला था जाल**
- **हरूनगला में गोदाम में माइक्रो न्यूट्रिएंट, एमओपी, फेरस सल्फेट के अवैध भंडारण का मामला**

**अमृत विचार :** हरूनगला में बड़े पैमाने एक गोदाम में अवैध खाद भंडारण के मामले में कृषि विभाग की कार्यशैली कटघरे में है। शहर के बीचो-बीच बिना लाइसेंस और बिना किसी मशीन के अंधाधुंध तरीके से खाद की पैकिंग का यह खेल महीनों से चल रहा था, लेकिन हैरानी की बात है कि जिस विभाग पर खाद की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी है, उसे इसकी भनक तक नहीं थी। सोमवार को पूरे दिन इसको लेकर चर्चा रही।

रविवार को कृषि विभाग की टीम ने गोदाम पर छापा मारा था। पकड़े गए आरोपी सुरेंद्र और उसके साथी जिस बेतरतीब तरीके से माइक्रो न्यूट्रिएंट, एमओपी, फेरस सल्फेट की अंधाधुंध पैकिंग कर रहे थे, वे सीधे तौर पर किसानों की फसल और मिट्टी की सेहत से खिलवाड़ है। बरेली से मुरादाबाद तक फैले इस नेटवर्क के पीछे विभाग के ही कुछ ''भेदियों'' की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। सवाल उठ रहा है कि जब गोदाम स्वामी के पास न कोई बिल था और न ही कोई इनवाइस, तो आखिर ये खाद के ट्रक किन रास्तों से और किसकी अनुमति से गुजर रहे थे। गोदाम से मिली सामग्री और पैकिंग के तरीके देखकर साफ है कि यह काम किसी अनाड़ी का नहीं, बल्कि एक संगठित सिंडिकेट का है। चर्चा है कि कुछ रसूखदार मामले को दबाने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की जुगत में लगे हैं। यदि निष्पक्ष जांच कराई गई तो पूरा खेल उजागर हो जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी का कहना है कि फिलहाल गोदाम स्वामी को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक उत्तर न मिलने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### मानकों से खिलवाड़ अब जागे जिम्मेदार

कृषि विशेषज्ञ विजय चौहान बताते हैं कि जिस खाद को बनाने के लिए वैज्ञानिक मानकों और भारी मशीनों की जरूरत होती है, उसे हरूनगला के एक साधारण गोदाम में ''बेतरतीब'' तरीके से पैक किया जा रहा था। आरोपी न केवल बिल दिखाने में नाकाम रहे, बल्कि उनके पास कारोबार का कोई भी कानूनी दस्तावेज नहीं था। सूत्रों का दावा है कि खाद की यह सप्लाई सीधे तौर पर उन किसानों तक पहुंचाई जा रही थी, जो ब्रांड के नाम पर जहर खरीद रहे थे।

## कोहाड़ापीर : विरोध बेकार, अतिक्रमण पर होगा वार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एमबी मैदान में अपर नगर आयुक्त ने व्यापारियों से किया संवाद**
- **कोहाड़ापीर से धर्मकांटे तक आज दो जगहों पर फिर से कराई जाएगी नापजोख**





**अमृत विचार:** एमबी कॉलेज के मैदान में सोमवार को कोहाड़ापीर से धर्मकांटे तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन और व्यापारियों के बीच बैठक हुई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की गठित कमेटी के सदस्य अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने अधिकारियों के साथ व्यापारियों से सीधा संवाद किया। स्पष्ट करते हुए कहा कि इस पूरे प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है, इसलिए चौड़ीकरण का कार्य किसी भी कीमत पर रोका नहीं जा सकता।

नगर निगम ने व्यापारियों के सामने वर्ष 1920 का पुराना नक्शा पेश किया, जिसमें सड़क की चौड़ाई वर्तमान स्थिति से काफी अधिक दर्शाई गई है। अधिकारियों का तर्क है कि लोगों ने निगम की भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जे कर लिए, जिसे अब हटाया जाना अनिवार्य है। इधर, बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान माहौल उस वक्त गरमा गया, जब व्यापारियों ने निगम की ओर से की गई नपाई को गलत बताते हुए दोबारा पैमाइश की मांग रखी। व्यापारियों का कहना था कि गलत चिन्हांकन के कारण उनके साथ अन्याय हो रहा है और वे विकास में सहयोग के लिए तैयार हैं, बशर्ते उनकी संपत्तियों का नुकसान न हो। हालांकि, अधिकारियों ने पूरी रोड की दोबारा नपाई कराने से साफ इनकार कर दिया, जिस पर व्यापारियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। काफी बहस के बाद बीच का रास्ता निकालते हुए निगम ने प्रस्ताव दिया कि पूरी रोड के बजाय किन्हीं दो चिह्नित जगहों पर दोबारा नपाई की जा सकती है, जिस पर व्यापारी सहमत हुए। मंगलवार को निगम के अधिकारी और व्यापारियों की समिति भारत सेवा ट्रस्ट के पास एकत्र होकर फिर से पैमाइश की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इस दौरान एक और दौर की बैठक भी प्रस्तावित है, ताकि मौके पर ही सभी आपत्तियों का निस्तारण किया जा सके और किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

## खाद्य टीम ने कुट्टू आटे के नमूने भरे

**बरेली, अमृत विचार :** नवरात्र के मद्देनजर के सहायक आयुक्त (खाद्य)-दो अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सोमवार को विभिन्न स्थानों से खाद्य और पेय पदार्थों के 4 नमूने संग्रहित किए हैं।

इनमें राजपूत किराना स्टोर से कुट्टू का आटा (पैक्ड) और (लूज) के 2 नमूने, गणपति ट्रेडर्स एण्ड जनरल ऑर्डर सप्लायर से कुट्टू का आटा का 1 नमूना, और छोटे लाल किराना स्टोर से कुट्टू का आटा का 1 नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला, झांसी भेज दिया गया है।

## एक अप्रैल से कई लेनदेन और कर छूट में अनिवार्य होगा पैन कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नये वित्तीय वर्ष शुरू होते ही लागू हो जाएगा नया आयकर कानून और नियम**

**अमृत विचार :** पहली अप्रैल से आयकर से जुड़े कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर वेतन भोगियों, मध्यम वर्ग और कारोबारियों पर पड़ेगा। केंद्र सरकार की तरफ से आयकर व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पैन की अनिवार्यता कई लेनदेन और कर छूट मामलों में बढ़ाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अब कई स्थितियों में पैन (परमानेंट अकाउंट नम्बर) देना जरूरी होगा। अगर कोई व्यक्ति पुरानी कर व्यवस्था के तहत मकान किराया (एक लाख रुपये से अधिक सालाना) पर छूट लेता है, तो मकान मालिक का पैन देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा होम लोन और एलटीसी जैसे दावों में भी पैन की अनिवार्यता लागू की गई है। नए प्रावधानों के तहत पांच लाख रुपये से अधिक के वाहन खरीद पर पैन देना जरूरी होगा। वहीं, महंगे होटल में भुगतान और 20 लाख रुपये से अधिक के वित्तीय लेनदेन पर भी पैन अनिवार्य किया गया है। साथ ही, जो लोग सालाना 10 लाख रुपये से अधिक का निवेश या लेनदेन करते हैं, उन्हें भी पैन देना होगा। अन्य बदलावों में आईटीआर-3 और आईटीआर-4 की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 तक बढ़ाई गई है, जबकि आईटीआर-1 और आईटीआर-2 की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 ही रहेगी। संशोधित रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा भी 31 मार्च तक कर दी गई है।

## ऑपरेशन डॉग

नगर निगम ने नई संस्था की हीलाहवाली पर पुरानी एजेंसी को सौंपी 1 हजार कुत्तों के नसबंदी की जिम्मेदारी

# कुत्तों की नसबंदी से एक एजेंसी हारी, अब दूसरे से कराई तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली







- **सीबीगंज के नदौसी में 1.80 करोड़ की लागत से बना एबीसी सेंटर का संचालन अभी शुरू नहीं हो सका**

**अमृत विचार :** नगर निगम ने सीबीगंज के नदौसी में 1.80 करोड़ रुपये खर्चकर ''एनिमल बर्थ केयर सेंटर'' तो खड़ा कर दिया। एजेंसी से अनुबंध के डेढ़ महीने के बाद भी नसबंदी और टीकाकरण का काम शुरू नहीं हो पाया। नगर निगम की ओर से नोटिस मिलने पर एजेंसी ने काम शुरू करने के बजाय ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में आधुनिक उपकरणों की कमी का रोना रोते हुए नई मांगें रख दीं। अधिकारियों के अनुसार निगम प्रशासन इस पर मंथन कर रहा है कि यह काम शुरू करने की मंशा है या महज देरी करने का बहाना। फिलहाल, फौरी राहत देने को निगम ने पुरानी संस्था को तत्काल प्रभाव से एक हजार कुत्तों को पकड़ने और उनके बधियाकरण व टीकाकरण की जिम्मेदारी सौंपी है।

दो महीने पहले एबीसी सेंटर के संचालन की जिम्मेदारी 'संतुलन जीव कल्याण' एजेंसी को दी गई थी। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह के अनुसार, वर्कऑर्डर मिलने के बावजूद एजेंसी ने जमीनी स्तर पर कोई सक्रियता नहीं दिखाई। इस पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने होली से पहले ही एजेंसी की सुस्ती पर कड़ी नाराजगी जताते हुए नोटिस देने के निर्देश दिए थे। दूसरे नोटिस के बाद एजेंसी ने ओटी में आवश्यक उपकरणों की लंबी फेहरिस्त सौंप दी। जिसने करोड़ों के प्रोजेक्ट की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए। इधर, सेंटर के संचालन में हो रही देरी को देखते हुए नगर निगम ने बीच का रास्ता निकाला है। आवारा कुत्तों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए पुरानी एजेंसी 'सोसायटी फॉर ह्यूमन एंड एनिमल वेलफेयर' को दोबारा काम पर लगाया और एक हजार कुत्तों के बधियाकरण व टीकाकरण की जिम्मेदारी सौंपी। निगम का मानना है कि जब तक नई एजेंसी का विवाद और उपकरणों का मामला नहीं सुलझता है, तब तक शहर की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखा जा सकता। इधर, शहर के विभिन्न वार्डों में आवारा कुत्तों की संख्या और उनके बढ़ते हमलों से लोग डरे हुए हैं।

### एजेंसी रुद्रपुर में डिबार पर बरेली में बहार!

जिस 'संतुलन जीव कल्याण' एजेंसी को बरेली में करोड़ों के एबीसी सेंटर की जिम्मेदारी दी गई है, उसका रिकॉर्ड पहले से ही खराब रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह एजेंसी उत्तराखंड के रुद्रपुर में भी लापरवाही के चलते डिबार हो चुकी है। नगर निगम के अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया के दौरान एजेंसी के इस 'दागी' इतिहास को नजरअंदाज कर दिया। बरेली में भी एजेंसी पुराने ढर्रे पर है। अनुबंध के डेढ़ महीने के बाद भी काम ठप है। नगर आयुक्त का कहना कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बरेली में भी एजेंसी को डिबार कर बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।





# इधर एक्शन, उधर एनकाउंटर...तीन पशु तस्करों को लगी गोली

## इज्जतनगर क्षेत्र में गोकशी के बाद कप्तान ने कार्रवाई की तो हरकत में आई पुलिस, गिरफ्तार तस्करों में पिता व दो पुत्र शामिल, दर्ज हैं केस

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मुठभेड़ में घायल हुए आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने ग्राम फरीदापुर चौधरी में हुई गोकशी की घटना के बाद सोमवार तड़के तस्करों की घेराबंदी की। इसपर तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी तीन तस्कर पिता-दो पुत्र पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, एक सिपाही भी जख्मी हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध असलहा, कारतूस व पशु काटने के उपकरण बरामद किए हैं। तस्करों के खिलाफ हत्या की कोशिश व गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल आरोपियों को अस्पताल भेजा गया है।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि 21 और 22 मार्च को थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी के समीप नाले में प्लास्टिक के बोरे में संरक्षित पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। इज्जतनगर थाने में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी ने तस्करों की धरपकड़ के लिए तीन टीमों का गठन किया था। पुलिस लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही थी। सीओ तृतीय के मुताबिक सूचना पर पुलिस टीम सोमवार तड़के चेकिंग कर रही थी। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय के निकट स्थित मैदान पास बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं, जिसमें सिपाही राहुल कुमार जख्मी हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की। इस दौरान आरोपी असलम, उसका बेटा जीशान और नासिर पैर में गोली लगने से जमीन पर गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। घायल आरोपियों के पास से तीन तमंचे, आधा दर्जन खोखा कारतूस और गोकशी में इस्तेमाल होने वाले हथियार बरामद हुए। मौके बाइक और मोबाइल फोन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सीओ के मुताबिक पकड़ा गया मुख्य आरोपी असलम के खिलाफ गोवध और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस जीशान और नासिर के पुराने रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है। फिलहाल, तीनों घायल आरोपियों और सिपाही को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें तीनों आरोपी रोते दिख रहे हैं। कह रहे हैं कि साहब गलती हो गई। अब कभी गलत काम नहीं करेंगे।

### गोकशी में सात पुलिसकर्मी सस्पेंड विभागीय जांच शुरू

पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव की जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने वाले दो चौकी प्रभारियों अमित कुमार और उमेश कुमार समेत सात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें चार हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल भी शामिल हैं, जिनकी बीट में यह घटना हुई थी। जिस स्थान पर अवशेष मिले, वह रेलवे की संपत्ति है, लेकिन पुलिस गश्त में कोताही पाए जाने पर एसएसपी ने विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

### बारादरी पुलिस ने दो अफीम तस्करों को दबोचा



**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 363 ग्राम अफीम बरामद हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय पाण्डेय के नेतृत्व में रविवार देर रात पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी गुलजार नगर पीली मिट्टी के पास दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। घेराबंदी कर जब पुलिस ने तलाशी ली तो उनके पास से 363 ग्राम अफीम मिली। आरोपियों की पहचान फाल्तूनगंज निवासी आशू बजाज और सिकलापुर निवासी सर्वेश के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी सर्वेश पहले भी चोरी व जालसाजी के मामलों में जेल की हवा खा चुका है। आरोपियों ने अफीम बिसौली क्षेत्र के एक किसान से खरीदी थी। वे शहर में फुटकर में बेचकर मोटा मुनाफा कमाने की फिराक में थे। पुलिस टीम में बारादरी थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय पाण्डेय, चौकी प्रभारी जगतपुर कुशलपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# कमिश्नरी व कलेक्ट्रेट में गरजे किसान, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मांगों के संबंध में कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन
- अवैध कॉलोनी निर्माण, समर्थन मूल्य और छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया


कमिश्नर को ज्ञापन देने कार्यालय पहुंचे किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कमिश्नरी में कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कमिश्नर से कहा कि शहर से सटे कई गांवों में कालोनाइजर बिना मानचित्र स्वीकृत कराकर प्लाट बेच कॉलोनी बसा रहे हैं, जिससे अवैध निर्माण बढ़ रहा है। फसलों के समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की।

जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कमिश्नर को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें कृषि भूमि, समर्थन मूल्य, अवैध कॉलोनियों, गन्ना भुगतान और किसानों से जुड़ी अन्य प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। पदाधिकारियों ने आम का समर्थन मूल्य 60 रुपये प्रति किलो घोषित करने और सरकारी खरीद की व्यवस्था करने की मांग की। आलू, सरसों, बाजरा, ज्वार और मक्का का भी उचित समर्थन मूल्य तय करने की मांग की गई।

ज्ञापन में गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी और बाजार मूल्य में भारी अंतर के कारण बिचौलियों का दबदबा बढ़ रहा है। प्रत्येक तहसील में कम से कम 60 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएं। उनकी दूरी गांव से 5 किलोमीटर से अधिक न हो। छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने की व्यवस्था की जाए। बहेड़ी और नवाबगंज चीनी मिलों पर लंबित भुगतान जल्द दिलाने की मांग रखी। कहा कि बकाया भुगतान नहीं मिलने से किसान परेशान है। ज्ञापन में राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, विरासत और दाखिल-खारिज से जुड़ी समस्याओं का भी जिक्र किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में हाजी एम इकबाल एडवोकेट, चौधरी सतेंद्र सिंह, चौधरी विजय पाल सिंह, कासिफ रजा, आमिर रजा, सुनील यादव आदि शामिल रहे।

### भारत-अमेरिका कृषि समझौते के खिलाफ सड़कों पर उतरे किसान



**बरेली, अमृत विचार :** किसान एकता संघ के बैनर तले सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसान नेता डॉ. रवि नागर के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने 23 मार्च शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए देशहित और किसान हित में अपनी मांगों को उठाया। वक्ताओं ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय कृषि समझौते का कड़ा विरोध किया और इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताया। किसान नेता डॉ. रवि नागर ने मांग की कि भारत-अमेरिका कृषि समझौते को तत्काल समाप्त किया जाए। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गारंटी कानून बनाने, सरकारी विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, बिजली अधिनियम 2025 और बीज अधिनियम 2025 को खत्म करने और किसानों का पूरा कर्ज माफ करने की मांग उठाई गई। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार, प्रदेश महासचिव डॉ हरिओम राठौर, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ममता मोर्य, जिला सचिव मीणा मौर्य, मोहनी सिंह, मंडल अध्यक्ष बोहरन लाल गुर्जर, युवा मंडल अध्यक्ष जयसिंह यादव, मंडल महासचिव डॉ अंशु भारती, मंडल सचिव भगवान समेत सैकड़ो की संख्या में प्रदर्शनकारी उपस्थित रहे।

# ठगों ने वकील की पत्नी के खाते से 6.89 लाख उड़ाये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बैंक प्रतिनिधि बनकर झांसे में लिया, ईमेल आईडी बदली
- नेट बैंकिंग शुरू कराकर दूसरे खातों में रकम ट्रांसफर की
- अधिवक्ता ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने बैंक प्रतिनिधि बनकर अधिवक्ता की पत्नी को झांसे में लिया और बैंक खाते से 6,89,500 रुपये उड़ा लिए। अधिवक्ता ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दशमेश नगर निवासी अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने बताया कि यह घटना 12 मार्च को हुई। पत्नी ममता गुप्ता के मोबाइल पर दोपहर के समय एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताया और केवाईसी अपडेट न होने पर खाता बंद होने का डर दिखाया। झांसे में लेकर ठगों ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और दबाव बनाकर प्रक्रिया पूरी करने को कहा। इसी दौरान शातिरों ने बैंक रिकॉर्ड में दर्ज मूल ईमेल आईडी को बदलकर एक फर्जी आईडी जोड़ दी। इसके बाद, जिस खाते में कभी नेट बैंकिंग की सुविधा नहीं थी, उसे अवैध रूप से सक्रिय कर दिया गया। अगले दो दिनों के भीतर ठगों ने ममता गुप्ता के बचत खाते और फिक्स्ड डिपॉजिट को तोड़कर कुल 6.82 लाख रुपये विभिन्न अज्ञात खातों में ट्रांसफर कर लिए। इसके अतिरिक्त 14 मार्च को भी खाते से 7,500 रुपये की निकासी की गई। अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने तत्काल ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब उन खातों की तलाश कर रही है जिनमें ठगी की यह बड़ी रकम ट्रांसफर की गई थी।

### फर्जी अकाउंट बनाकर की आपत्तिजनक पोस्ट

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर युवती का फर्जी अकाउंट बनाकर तथा युवती का फोटो लगाकर उसका दुरुपयोग करने का मामला सामने आया है। उसी एकाउंट से अपमानजनक सामग्री पोस्ट कर दी। और अशोभनीय मैसेज करके बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। युवती ने कैंट थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नशेड़ी पति ने पत्नी और ससुरालियों को पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला ने पति पर नशा करने, मारपीट व दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाष नगर की तिलक कॉलोनी निवासी हिमांशी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह 2020 में शाहजहांपुर के रामनगर कालोनी निवासी राहुल के साथ हुआ था। शादी के बाद राहुल ने पैतृक निवास बेच कर बरेली में रहने लगा। आरोप है कि राहुल सुल्फा-गांजा जैसे नशों का आदी है। पुलिस आरोपों की जांच में जुटी है।

# सरकारी भूमि पर किया कब्जा, बुजुर्ग से हड़प लिये दो करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संपूर्ण समाधान दिवस में अफसरों ने तहसील सदर में सुनीं लोगों की शिकायतें
- 36 से शिकायतें पहुंचीं, निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के पास भेजीं गईं

**अमृत विचार:** तहसील सदर के सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम सिटी सौरभ दुबे और एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने शिकायतें सुनीं। कुल 36 शिकायतें पहुंचीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को जांच कराकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सुभाषनगर निवासी 70 वर्षीय वीना रानी अग्रवाल ने कुछ लोगों पर अवैध रूप से मंदिर के गेट और दुकानों पर कब्जा कर ताला लगाने की शिकायत की। पीड़िता ने मामले की क्राइम ब्रांच से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम कलारी निवासी करामत अली ने शिकायत की है कि ब्रिटिश शासनकाल में 1344 फसली वर्ष सरकार द्वारा लगान पर दी गयी थी। जिसकी खतौनी अधिक समय तक श्रेणी 3 में दर्ज कई गाटा संख्या किसी के नाम पर दर्ज थे। आरोप लगाया है कि चकबंदी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से भूमि को श्रेणी 1 क (संक्रमणीय भूमिधर) घोषित कराकर आधी भूमि बेच दी।

पुलिस चौकी अहलादपुर में तैनात एक सिपाही की भूमिका पर संदिग्ध बतायी है। प्रकरण में राजस्व टीम गठित की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। राजेश कुमार ने उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में लंबित संविदा की नियुक्ति के संबंध में गुहार लगाई है।

धनेटी खरकपुर निवासी मंगो देवी ने आठ-दस लोगों पर जमीन खरीदने के नाम पर दो करोड़ रुपये की बेइमानी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। उसने बताया कि उसे मायके ग्राम बिथरी चैनपुर में 16.5 बीघा जमीन मिली थी। पिता की मृत्यु के बाद इकलौती संतान होने के नाते बतौर वारिस भूमि प्राप्त हुई थी। जमीन का सौदा कर थोड़े-थोड़े रुपये खाते में डाले फिर दो करोड़ रुपये नहीं दिए। पीड़ित ने जांच कराकर दोषियों से रकम दिलाने की मांग की है।

### फरियाद : पारिवारिक पेंशन नहीं बनने से दिव्यांग भाई का नहीं हो पा रहा इलाज

भगवत सरन के नाम के शिकायतकर्ता ने एसडीएम सदर को बताया कि उसके पिता स्व. राम कुमार प्राथमिक विद्यालय रिछौला तारा चंद विकास खंड नवाबगंज से 30 जून 2010 को सेवानिवृत्त होकर पेंशन प्राप्त कर रहे थे। 9 अप्रैल 2013 को उनका निधन होने के बाद माता सुशीला देवी को विभाग द्वारा पारिवारिक पेंशन स्वीकृत की गयी। 19 जुलाई 2020 को माता का निधन हो गया। बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार पहले से दिव्यांग थे। बेसिक शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत मैंने भाई धर्मेंद्र की पारिवारिक पेंशन पत्रावली विभाग के कार्यालय भिजवाई, लेकिन फाइल वापस कर दी गयी। धन के अभाव में बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार का उचित इलाज नहीं हो पा रहा है।

## दहेज हत्या में पति की जमानत खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** दहेज हत्या के मामले में थाना देवरनियां के ग्राम कमालपुर निवासी आरोपी मोहम्मद इमरान की जमानत अर्जी जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने खारिज कर दी। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि मृतका के भाई ने थाना देवरनिया में तहरीर देकर बताया था कि बहन इरम खातून की शादी मई 2022 को मो. इमरान के साथ हुई थी। उसकी बहन के ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। कम दहेज के ताने देकर मारपीट करते थे। आरोप है कि 25 सितंबर 2025 को पति व ससुरालियों ने मारपीट कर फांसी लगा उसकी बहन की हत्या कर दी।






## बुजुर्ग महिला की मौत, धक्का देने का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव मोहित में घरेलू विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची मुन्नी देवी (65) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के बेटे नूर मोहम्मद के अनुसार रविवार को पत्नी आसमा से विवाद होने पर उसने अपने भाइयों शकील, अकील और रिश्तेदार निजाम को बुला लिया था। इस दौरान घर में शुरू हुई हाथापाई को रोकने के प्रयास में मुन्नी देवी धक्का-मुक्की के कारण मुंह के बल गिर पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीनों आरोपी फरार हो गए।

# इंसाफ के लिए पार्क में धरना दे रहा पीड़ित परिवार



पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में सही से इलाज न होने की वजह से युवक की मौत के मामले में पीड़ित परिवार के लोग इंसाफ की मांग को लेकर सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में कई दिनों से धरने पर बैठे हैं। सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। दरअसल, एक निजी अस्पताल में युवक को भर्ती कराया गया था। आरोप है कि सही तरह से इलाज नहीं होने की वजह से उनकी मौत हो गई। पीड़ित पक्ष एक हफ्ते से दामोदर स्वरूप पार्क में धरना दे रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह इस मामले में डीएम से मिलेंगे।

## सिटी ब्रीफ



### अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में डॉ. हितु मिश्रा ने बिखेरे संस्कृति के स्वर

**बरेली, अमृत विचार** : बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में एआई पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में सांस्कृतिक सत्र में शहर की डॉ. हितु मिश्रा मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उभरती तकनीकों और डिजिटल भविष्य पर गंभीर विमर्श हुआ। सांस्कृतिक सत्र में यह संदेश भी दिया कि तकनीक चाहे जितनी उन्नत हो जाए, अपनी जड़ों, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ाव ही समाज को संतुलित और संवेदनशील बनाए रखता है। डॉ. हितु मिश्रा ने अपने गायन में कबीरवाणी, गजल, भक्तिगान तथा भारतीय भावभूमि से जुड़े सुरों की ऐसी छटा बिखेरी कि पूरा सभागार भावविभोर हो उठा। डॉ मिश्रा को शॉल व विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### चित्र प्रदर्शनी देखने पहुंच रहे लोग

**बरेली, अमृत विचार** : प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर हार्टमन स्थित रामलीला मैदान में सूचना विभाग की ओर से चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसमें चित्रों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी 26 मार्च तक चलेगी। प्रदर्शनी से आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### भाजपा शहर उपाध्यक्ष का किया सम्मान

**बरेली, अमृत विचार** : ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन ने विभु शर्मा वैभव के भाजपा महानगर उपाध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने विभु को नए दायित्वों के सफलता पूर्वक निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सम्मान का अपमान




चौपुला चौराहे पर बने ओवरब्रिज को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर 'अटल सेतु' नाम दिया गया है। इस ओवरब्रिज के सौंदर्यीकरण को लेकर पिलर पर सुंदर पेंटिंग और उन्हीं के चित्र बनाये गये। अब इन चित्रों की पेंटिंग को पोस्टरों से पाट दिया जा रहा है। ये तस्वीरें पूछ रही हैं कि भारत रत्न का यह कैसा सम्मान है? **फोटो एवं विवरण**–मोहित कुमार सिंह

## बीसलपुर चौराहे का नाम वंदे मातरम् रखने की मांग

**बरेली, अमृत विचार:** 'वंदे मातरम्' गीत की 151 वीं वर्षगांठ और शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 95 वें शहादत दिवस पर विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश की जिला इकाई ने बीसलपुर चौराहा का नाम 'वंदे मातरम् चौक' रखने की मांग की।

जिलाध्यक्ष देवेश कुमार पटेल ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। वंदे मातरम् के उद्घोष ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नौजवानों के मन में ऐसा जोश और उत्साह उत्पन्न किया कि वे हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने के लिए भी तैयार हो जाते थे।

# तहसीलों की रिपोर्ट : हल्की बारिश में फसलों को नहीं हुआ नुकसान

## सरकारी सर्वे रिपोर्ट में कहीं भी 33 फीसदी क्षति का जिक्र नहीं



**बरेली, अमृत विचार:** कुछ दिन पहले हल्की बारिश होने के साथ सोमवार सुबह फिर जिले में हल्की बारिश हुई। बीच में हुई बारिश से जिले में कहां-कहां नुकसान हुआ, इसकी रिपोर्ट एकत्र करने के लिए शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी की ओर से सभी एसडीएम से रिपोर्ट मांगी गयी।

जनपद की सदर, बहेड़ी, नवाबगंज, फरीदपुर, मीरगंज और आंवला से जो रिपोर्ट भेजी गयी, उसके अनुसार जिलेभर में कहीं भी फसल को नुकसान नहीं हुआ है। संबंधित तहसीलों के एसडीएम ने नुकसान न होने की रिपोर्ट दी है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने यह रिपोर्ट शासन को भेज दी है। 33 प्रतिशत फसल को नुकसान पहुंचने पर उसे शासन के मानक में माना जाता है, लेकिन जिलेभर में कहीं भी इतने नुकसान की सूचना नहीं मिली। हालांकि, बारिश में गेहूं की पकी खड़ी फसल और लाई की कटी फसल को नुकसान हुआ है। सोमवार सुबह हुई बारिश में भी फसल को नुकसान पहुंचा है। फरीदपुर क्षेत्र में गेहूं की फसल गिरने से नुकसान हुआ है।

# पेट्रोल संकट का शोर, पंपों पर भीड़ का जोर

## गैस किल्लत के बाद बढ़ी घबराहट, प्रशासन ने फिर कहा- आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचें

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** शहर में रसोई गैस की किल्लत के बाद पेट्रोल संकट को लेकर शोर मचा है। इससे हजारों लोगों की चिंता बढ़ गयी है। सोमवार को चर्चाओं के चलते कई पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

एहतियातन लोग अपने वाहनों के टैंक फुल कराने के लिए पंपों पर पहुंचते नजर आए, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति बन गई। वहीं कई पंपों पर पेट्रोल आपूर्ति समाप्त होने की चर्चा होती रही।

सुबह से ही शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ने लगी। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी लाइनें देखी गईं।

कई जगहों पर लोगों में जल्दबाजी और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बनी रही। पेट्रोल को लेकर फैली अफवाहों ने लोगों में अनावश्यक घबराहट पैदा कर दी। हालांकि, पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उनका कहना है कि अचानक भीड़ बढ़ने से कुछ समय के लिए दबाव जरूर बना, लेकिन स्टॉक पर्याप्त होने के कारण आपूर्ति लगातार जारी रहेगी।

बरेली पेट्रोल पंप एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि अफवाहों के कारण उपभोक्ता की तेल डिमांड बढ़ गई हैं। सामान्य दिनों में 100 रुपये का पेट्रोल लेने वाला ग्राहक अफवाहों के कारण 500 का पेट्रोल भरवा रहा हैं। इससे पंप की सेल्स सामान्य दिनों के मुकाबले दुगुना हो गई। जिसके कारण पेट्रोल की खपत ज्यादा हो गई। इसके साथ ही डिपो से सप्लाई भी निर्धारित की गई हैं। जिसके कारण कुछ पंपों पर पेट्रोल की आपूर्ति समाप्त हो गई हैं। प्रशासन भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। संबंधित विभागों को आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल भरवाएं। स्पष्ट किया कि शहर में पेट्रोल की कोई वास्तविक कमी नहीं है, लेकिन अफवाहों के कारण हालात बिगड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि संयम बरतें और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करें।



शहर के एक पंप पर पेट्रोल के लिए एकत्र लोग। ● फोटो : अमृत विचार

### इन पेट्रोल पंपों पर खत्म हुआ पेट्रोल

अधिकारियों की ओर से पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति कम होने की सूचना को भले हीअफवाह बताते हुए उपभोक्ता को संयम बरतने के कहा जा रहा है। लेकिन शहर के कुछ पंपों की स्थिति प्रशासन के दावों के विपरीत दिखाई दी। बदायूं रोड स्थित एक फिलिंग स्टेशन पर रविवार से पेट्रोल की आपूर्ति खत्म हो गई थी। इससे आसपास के क्षेत्रवासियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। हालांकि पंप के मैनेजर ने सोमवार शाम 7 बजे तेल की गाड़ी आने से पेट्रोल मिलने की बात कही। सिविल लाइंस में भी एक पेट्रोल पंप पर दिन में सुचारु रूप से तेल की सप्लाई उपभोक्ताओं के लिए होती रही, लेकिन शाम होते-होते वहां भी पेट्रोल खत्म हो गया। वहीं, खेड़ा के एक पेट्रोल पंप पर 14 मार्च से आपूर्ति नहीं होने से पेट्रोल व डीजल की सप्लाई बंद बतायी गयी है। चांढ़पुर के एक पंप पर भी 10 मार्च से व भमोरा में भी पंप पर पेट्रोल की आपूर्ति नहीं होने की बात सामने आई है।

## जिले में मतदाता सूची से हटे 1.10 लाख डुप्लीकेट वोटर

### क्यारा ब्लॉक में सर्वाधिक वोट हुए निरस्त

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने की कार्यवाही पूरी कर ली गयी है। जिलेभर में 1.10 लाख डुप्लीकेट वोटर निरस्त किए गए हैं। सर्वाधिक डुप्लीकेट वोट क्यारा ब्लॉक में निकले। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग से भेजी गयी रिपोर्ट में 918288 वोट डुप्लीकेट होने की आशंका जताई थी। जबकि 807554 वोटर सही मिले हैं।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सतीश मौर्य की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि आलमपुर जाफराबाद में 58791 वोट सही, 6464 निरस्त, रामनगर ब्लॉक में 35476 वोट सही, 5470 निरस्त, मझगवां ब्लॉक में 58699 वोट सही, 7633 निरस्त, बिथरी चैनपुर ब्लॉक में 58464 वोट सही, 9321 निरस्त, भोजीपुरा ब्लॉक में 50377 वोट सही, 8127 निरस्त, क्यारा ब्लॉक में 50354 वोट सही, 16337 निरस्त, फतेहगंज पश्चिमी में 50354 सही वोट, 4816 निरस्त, नवाबगंज ब्लॉक में 73904 वोट सही, 4712 निरस्त, भदपुरा ब्लॉक में 55239 वोट सही, 4045 निरस्त, दमखोदा ब्लॉक में 50642 वोट सही, 6876 निरस्त, बहेड़ी में 64371 वोट सही, 5597 निरस्त, शेरगढ़ में 66024 वोट सही, 6482 निरस्त, फरीदपुर में 41740 वोट सही, 7997 निरस्त, भुता ब्लॉक में 58201 वोट सही, 8450 निरस्त, मीरगंज में 51166 वोट सही और 5707 वोट निरस्त किए गए हैं।

जिले के 15 ब्लॉकों के 1188 गांवों में 918288 वोटरों के डुप्लीकेट होने की संभावना जतायी गयी थी। जांच करने पर 807554 वोट सही पाए गए और 110734 वोट निरस्त किए गए हैं। कुल 12.059 प्रतिशत वोट निरस्त किए गए।

# सुलेमान बेग सपा छोड़कर फिर बसपा में कूदे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- मंडलीय बैठक बसपा सुप्रीमो के निर्देश पदाधिकारियों को बताए

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की मंडलीय समीक्षा बैठक सोमवार को मंडल कार्यालय तुलसी नगर पर हुई। बैठक में सपा नेता सुलेमान बेग ने फिर बसपा की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में बसपा सुप्रीमो के निर्देशों को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों तक पहुंचाया गया। कहा कि संगठन को तैयार करने के लिए तैयार होने का समय आ गया है। बूथ और सेक्टर पर जाकर रोजाना ब्यौरा अपने कार्रवाई रजिस्टर पर दर्ज करना है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली मौजूद रहे। वहीं, दूसरे मुख्य अतिथि भीमराव अम्बेडकर ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के अपने गांव-गांव में कैडर के माध्यम से बसपा सरकार में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाना है। लोगों को जागरूक कर पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए बसपा सरकार में जनहित में किए कार्यों को बताना है। प्रत्येक बूथ पर जाकर अपने लोगों को जगायें। मीटिंग में मंडल प्रभारी लक्ष्मी नारायण, मंडल प्रभारी अयोध्या प्रसाद गंगवार समेत अन्य जिम्मेदार साथी उपस्थित रहे। इसी दौरान मीटिंग में भाजपा छोड़कर रुकुम सिंह और सपा छोड़कर सुलेमान बेग ने समर्थकों के साथ बसपा की सदस्यता ली। सुलेमान की बसपा में एंट्री से भोजीपुरा-मीरगंज में सियासी हलचल है।



## अंबेडकरवाद और लोहियावाद के मेल से खुलेगा सत्ता का द्वार

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें नेताओं ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

अध्यक्षता करते हुए महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार ने कहा कि आज के दौर में लोहिया जी के समानता के विचार की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि डॉ. लोहिया और डॉ. भीमराव अंबेडकर के साझा सपनों को साकार करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंबेडकर वाहिनी का गठन किया है, ताकि लोहियावाद और अंबेडकरवाद के संगम से सामाजिक न्याय की सत्ता का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। अशोक यादव, हरिओम प्रजापति, इं. अनीस अहमद, दिनेश यादव, राजेश मौर्य, राम प्रकाश यादव, रणवीर सिंह, मुकेश मिश्रा, श्याम वीर यादव, जितेंद्र, रामसेवक प्रजापति, राजेश यादव, इस्तियाक आदि मौजूद रहे।

# दलित नेता ब्रह्मस्वरूप सागर आसपा में शामिल



ब्रह्मस्वरूप सागर को पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करते प्रमुख चंद्रशेखर रावण।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

### सियासी दांव

- फरीदपुर सुरक्षित सीट से टिकट के दावेदार रहे हैं सागर
- सपा, बसपा, कांग्रेस के बाद थामा चंद्रशेखर रावण का हाथ
- शाहजहांपुर लोकसभा से रह चुके हैं कांग्रेस प्रत्याशी

**अमृत विचार :** फरीदपुर सुरक्षित सीट से टिकट के दावेदार रहे ब्रह्मस्वरूप सागर ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच आजाद समाज पार्टी ज्वाइन कर ली है। बरेली के प्रमुख दलित चेहरों में शुमार ब्रह्मस्वरूप चुनावी राजनीति से लेकर संगठन तक के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। शाहजहांपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं।

आजाद समाज पार्टी के प्रमुख एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद 'रावण' ने नई दिल्ली में अपने आवास पर ब्रह्मस्वरूप सागर को सदस्यता ग्रहण कराई है। पार्टी के यूपी अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ भी इस दौरान मौजूद रहे। ब्रह्मस्वरूप सागर ने राजनैतिक करियर की शुरूआत समाजवादी पार्टी से की थी। उस दौर में वह समाजवादी दिग्गज तत्कालीन जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव के बेहद करीब माने जाते थे। सपा में उन्होंने कई पद संभाले। इसके बाद बसपा में चले गए और बरेली जिला अध्यक्ष के अलावा मंडल कोऑर्डिनेटर तथा बरेली-मुरादाबाद मंडल के जोन इंचार्ज भी रहे।

फिर उनका बसपा से भी मोहभंग हो गया और वह कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी ने 2019 में शाहजहांपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाया था, लेकिन हार गए। 2022 से पहले ब्रह्मस्वरूप ने फिर सपा का रुख किया और फरीदपुर सीट से टिकट के दावेदार बने रहे। हालांकि, सपा ने पूर्व विधायक विजयपाल सिंह पर दांव लगाया और वह भाजपा के मौजूदा विधायक प्रो. श्यामबिहारी लाल के हाथों पराजित हो गए। पिछले दिनों भाजपा विधायक प्रो. श्यामबिहारी के निधन से रिक्त हुई फरीदपुर विधानसभा में सरगर्मियां बढ़ रही हैं। ऐसे में सागर ने आसपा में पहुंचकर जिले में हलचल बढ़ा दी है।

## विद्यार्थियों ने दर्शन शास्त्र पर रखे विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग में पीजी फोरम की ओर से आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों ने जीवन में दुख क्यों है, एवं दर्शन की उपयोगिता आदि विषय पर विचार रखे।

निर्णायक मंडल में ललित कला विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद लखटकिया, दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी प्रो. आरके गुप्ता, प्रो. एसी त्रिपाठी रहे। मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच दर्शन से जुड़े बिंदुओं पर रचनात्मक लेखन की प्रतियोगिता होगी। विजयी विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रो. ओपी राय पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अनेक प्रवक्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लोगों को दिलाया जल संरक्षण का संकल्प

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज ने जनता को किया जागरूक

**अमृत विचार:** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत रामपुर बाग स्थित अर्बन हेल्थ एंड ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ पानी के उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा।

डॉ. अनु शर्मा और डॉ. आदर्श चहल ने बताया कि जल जीवन का आधार है, इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पानी की बर्बादी को रोके और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाए। उन्होंने लोगों को स्वच्छ पानी पीने, जल जनित बीमारियों से बचाव तथा पानी को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। अंत में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे पानी की हर बूंद की कीमत समझें। इसे बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। कार्यक्रम में अमित कुमार, जेबा और कविता सिंह समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।



**आयोजन** विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर बीआईयू में जागरूकता और नवाचार का संगम

# मॉडल-पोस्टर प्रदर्शनी में दिखी स्टूडेंट की प्रतिभा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के ऑप्टोमेट्री विभाग ने सोमवार को विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आधुनिक ऑप्टोमेट्री के महत्व को लोगों के बीच उजागर करना रहा। इस दौरान जागरूकता और नवाचार का संगम दिखने को मिला।

मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, अतिथि व्याख्यान गतिविधियां हुईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। मॉडल प्रस्तुति में समीरा मलिक, आयेजा, ऋतिका, उमैर, ध्रुव, रानी, अंशुल शर्मा, अंशु, अंश शर्मा, विनोद भारती, शिवांगी शर्मा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आरोही, ऋति, इंजमामुल, सपना, रूबी को द्वितीय तथा मो. नसीम अली को तृतीय स्थान मिला। पोस्टर प्रस्तुति में शिवानी जावला प्रथम, रिया गंगवार द्वितीय और माधुरी, पूजा एवं गंगा चरण तृतीय स्थान पर रहे। अतिथि व्याख्यान में इनक्यूबेशन प्रकोष्ठ से क्लॉडियस लाजरस व प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने नेत्र स्वास्थ्य, आधुनिक तकनीकों और इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर अहम जानकारी दी। समापन पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में नवाचार, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने विजेताओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

एकेडमिक प्रभारी डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. अनमोल शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार की उपस्थिति रही। संचालन सहायक प्राध्यापक फरहीन खान के निर्देशन में किया गया।





## द्वितीय विराट हिंदू बाल सम्मेलन 25 को

**बरेली, अमृत विचार :** नव वर्ष एवं श्री रामनवमी के अवसर पर बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त की ओर से 25 मार्च को बदायूं रोड स्थित कुंवर रिसोर्ट में द्वितीय विराट हिंदू बाल सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें 51 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। बच्चों को प्रभु श्री राम के आदर्श से शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने जीवन में आचरित करने को प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम की रणनीति बनाने के लिए बाल रामायण समिति की सोमवार को बदायूं रोड स्थित कार्यालय पर बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम के संयोजक डॉ दीपांकर गुप्त ने जानकारी दी। विकास मेहरोत्रा, राम कृष्ण गोयल, प्रमोद पटेल, डॉ मुकेश मीत, उपमेंद्र सक्सेना, सुभाष पटेल, कुमार आदित्य यदुवंशी, रोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष 6 अप्रैल को बरेली पहुंचेंगे

- देशव्यापी यात्रा के तहत ऐतिहासिक आयोजन होगा, नाथ नगरी में आध्यात्मिक चेतना का होगा पुनर्जागरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली


प्रेसवार्ता में जानकारीदेते आर्ट ऑफ लिविंग बरेली चैप्टर के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नाथ नगरी बरेली 6 अप्रैल को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। देशव्यापी यात्रा के अंतर्गत सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के 1000 वर्षों तक संरक्षित रहे पावन अवशेष बरेली पहुंचेंगे। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक माना जा रहा है। बरेली में भक्तों के दर्शनार्थ इन अवशेषों को बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीतारामन शास्त्री ने ये पवित्र अवशेष बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर को सौंपे थे। इसके बाद महाशिवरात्रि 2025 पर इनका सार्वजनिक अनावरण किया गया, फिर इन अवशेषों की देशव्यापी यात्रा प्रारंभ हुई। यह यात्रा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए उत्तर प्रदेश में 30 मार्च को प्रवेश कर रही है।

उत्तर प्रदेश में प्रवेश के बाद यात्रा झांसी, कानपुर, आगरा, मथुरा, वृंदावन, मेरठ, गजरौला, मुरादाबाद, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों से गुजरते हुए 6 अप्रैल को बरेली पहुंचेगी। इतिहास के अनुसार वर्ष 1026 ईस्वी में आक्रमण कारी महमूद गजनबी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था, लेकिन आस्था की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रही।

मंदिर के कुछ पवित्र अवशेषों को अग्निहोत्री पुजारियों ने गुप्त रूप से सहेज लिया, जो पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित होते रहे। सन 1924 में कांची के शंकराचार्य ने यह भविष्यवाणी की थी कि इन अवशेषों को एक शताब्दी तक सुरक्षित रखा जाए और उपयुक्त समय आने पर एक योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए। इसी क्रम में जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीतारामन शास्त्री ने इन अवशेषों को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर को समर्पित किया गया था। इससे 100 वर्षों पुरानी भविष्यवाणी पूर्ण हुई।

बता दें कि श्री श्री रविशंकर, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक है और लम्बे समय से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रहे हैं। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों का आगमन न केवल शहर के धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी एक विशेष स्थान दिलाएगा। यह आयोजन श्रद्धा, धैर्य और सांस्कृतिक चेतना की विजय का प्रतीक है, जहां 1000 वर्षों का संरक्षण, 100 वर्षों की प्रतीक्षा और वर्तमान का पुनरुत्थान एक साथ परिलक्षित होता है।

यह जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग बरेली चैप्टर के पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रेसवार्ता में दी। इस दौरान श्वेता कुनार, पार्थो कुनार, गोपाल, सौरभ, मोहित, संदीप, अमित, अशोक, राजेश व रीना आदि उपस्थित रहीं।

## टीबी मुक्त अभियान में बरेली 7 वें स्थान पर

**बरेली, अमृत विचार :** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जारी प्रदेश स्तरीय रिपोर्ट कार्ड में बरेली को प्रदेश में सांतवां स्थान प्राप्त हुआ। आगरा मंडल रोल मॉडल बनकर उभरा है, उसे 79 प्रतिशत अंक मिले हैं। मुरादाबाद मंडल 78 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

करीब पंद्रह महीने (7 दिसंबर 2024 से 7 मार्च 2026) की अवधि के प्रदर्शन के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट में वाराणसी मंडल तीसरे, लखनऊ चौथे और कानपुर मंडल पांचवें स्थान पर रहा। वहीं बरेली मंडल 71 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में सातवें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार आगरा मंडल ने टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच जैसे सभी प्रमुख मानकों पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

## बैडमिंटन में देखने को मिले रोमांचक मुकाबले


प्रतिभागिता में भाग लेते खिलाड़ी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभिरल ने हेमंत को को हराया कई मुकाबले तीन सेट में तय

**अमृत विचार :** पीलीभीत रोड स्थित महानगर में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोमवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। सुबह और शाम दो सत्रों में खेले गए मैचों में कई मुकाबले तीन सेट तक चले, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह रहा।

सुबह के सत्र में सबसे रोमांचक मुकाबला अभिरल गुप्ता और हेमंत के बीच खेला गया, जिसमें अभिरल गुप्ता ने 20-22, 21-18, 21-14 से जीत दर्ज की। डबल्स 40 वर्ग में अविरल व यश की जोड़ी ने डॉ राहुल व क्षितिज को 21-13, 21-15 से हराया। वहीं, उत्कर्ष व भविष्य ने अंश व अमन को 21-14, 21-15 से पराजित किया। 70 वर्ग में डॉ नरेंद्र और यश की जोड़ी ने भगत व मुन्ना राठौर को 21-13, 21-15 से शिकस्त दी। हालांकि, बारिश के कारण तीन मैचों को स्थगित करना पड़ा, जिन्हें अब 24 मार्च को खेला जाएगा। शाम के सत्र में जूनियर वर्ग के मुकाबले आयोजित किए गए। बालक वर्ग (12 से 18 वर्ष) में भविष्य ने हर्षित को 21-19, 21-08 से हराया, जबकि अथर्व ने सिद्धांत को 21-14, 21-06 से पराजित किया। चित्रांक ने नाभ गंगवार को 21-14, 21-13 से हराया।

बालिका वर्ग में आन्या ने रिशिता को 21-15, 21-12 से हराया, जबकि आर्ध्या ने ईशा को 21-09, 21-06 से शिकस्त दी। खिलाड़ियों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था संजय कक्कड़ ने की। प्रदीप, राहुल, आशीष, सतेंद्र यादव आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ग्रुप कैप्टन उमा कांत शर्मा, डॉ सुनील शर्मा, डॉ सुमन, डॉ नरेंद्र, मनोज शर्मा, रोहन गर्ग, जेएन. श्रीवास्तव, आरके मिश्रा, सतेंद्र यादव सहित लगभग 30 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# पदयात्रा से दिया मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी का संदेश

### शहीदी दिवस पर माय भारत युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय की ओर से हुआ आयोजन, विभिन्न कॉलेजों के स्टूडेंट ने भाग लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहीद दिवस पर माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में शहर में ''मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी'' थीम पर पदयात्रा निकाली गयी। इसके माध्यम से लोगों को अमर बलिदानी सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित कर युवाओं में राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा एक निजी महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस कॉलेज पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसमें एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमएड इंटर्न्स और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने तिरंगा झंडा, पोस्टर एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से नागरिकों को देशभक्ति, जिम्मेदारी एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पदयात्रा के बाद श्रमदान भी किया गया। अतिथियों ने युवाओं को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनने, अनुशासन अपनाने एवं समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम एनएसएस अधिकारी डॉ. सविता सक्सेना और एनसीसी अधिकारी रचना के निर्देशन में हुआ।


पदयात्रा में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स और शिक्षकों ने भाग लिया। • अमृत विचार

इस अवसर पर माय भारत की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, डॉ. कल्पना कटियार, डॉ. शिव स्वरूप शर्मा, भूपेंद्र सिंह, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. विनय खंडेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार, प्राचार्य डॉ. आरके सिंह की उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं नागरिक चेतना का सशक्त संदेश भी प्रसारित करने में सफल रहा।

**भाकपा ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

बरेली, अमृत विचारः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से अमर बलिदानी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को भगत सिंह से जुड़कर आगे आने की जरूरत है। वे सभी के प्रेरणा स्रोत हैं, उनकी कुर्बानी को देश कभी भुला नहीं पाएगा। इस दौरान राज्य सचिव राजेश तिवारी, शहर सचिव सतीश सिंह, अतहर हुसैन, नन्हे, हरि बाबू, बबलू आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

## श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन




**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सोमवार को डीडी पुरम शहीद स्मारक पर किया गया। वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान किया कि वह अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की बहादुरी, निष्ठा और देश प्रेम से प्रेरणा लें। सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा, प्रकाश चंद्र सक्सेना, इन्द्र देव त्रिवेदी और मीरा मोहन ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का प्रारंभ ''ऐ मेरे वतन के लोगों'' गीत से अरुणा सिन्हा ने किया। मोमबत्ती प्रज्ज्वलित करके श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य अतिथि कर्नल पंकज अग्रवाल केबी अग्रवाल, महासचिव प्रदीप माधवार, निर्भय सक्सेना, कैप्टन जसवंत सिंह भाकुनी उपस्थित रहे। संचालन अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया।

## शहीद दिवस पर एबीवीपी ने निकाला कैंडल मार्च




**बरेली, अमृत विचार :** शहीद दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरेली महानगर की एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय इकाई ने छात्रावास परिसर में विचार गोष्ठी व कैंडल मार्च का आयोजन किया। प्रदेश मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे व्यक्तिगत विकास के साथ राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। छात्रावास से कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभाग संगठन मंत्री विकास गोला, पांशु चौधरी, वर्धन सिंह, रवि प्रताप सिंह, अरिहंत सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता और सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेटों ने निकाली रैली, कर्नल बोले- शहीदों से लें देशभक्ति की सीख




**बरेली, अमृत विचार :** 21वीं वाहिनी एनसीसी के कैडेटों ने अमर बलिदानी भगत सिंह, शहीद सुखदेव और शहीद राजगुरु के बलिदान दिवसर पर बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट से विकास भवन होते हुए गांधी उद्यान तक रैली निकालकर जन जागरण किया। इस दौरान कैडेट शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु अमर रहें तथा देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली को 21वीं वाहिनी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होशियार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे देशभक्ति की सीख लेनी चाहिए। इस दौरान लेफ्टिनेंट मनु प्रताप, लेफ्टिनेंट रीतेश चौरसिया, सूबेदार मेजर प्रवीन नेगी, डॉ अंचल अहेरी, डॉ स्वाति गुप्ता, सूबेदार लक्ष्मण, सूबेदार गोविंद सिंह, सूबेदार उम्मेद सिंह, बीएचएम नरपत बिश्नोई, हवलदार हर सिंह और हवलदार संजय धाबी आदि उपस्थित रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# सलमान के सूफियाना तरानों पर झूमे लोग, दिखा उत्साह

- दमादम मस्त कलंदर, सांसों की माला पे, तेरी दीवानी जैसे गीतों से बांधा समा
- आईएमए फार्म में जश्न-ए-ईद एवं होली महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मंच पर गायक सलमान अली के साथ डॉ. अनीस बेग। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** जब मंच से मशहूर गायक सलमान अली की जादुई आवाज में ''जरा सी दिल में जगह दे तू'' गूंजा, तो बरेली के रूमानी माहौल ने मानों समय को थाम लिया। मौका था डॉ. अनीस बेग की ओर से डोहरा रोड स्थित आईएमए फार्म में रविवार की रात आयोजित ''जश्न-ए-ईद एवं होली महोत्सव'' का, जहां सुर, स्वाद और सौहार्द की ऐसी त्रिवेणी बही कि पूरा पंडाल ''हाउसफुल'' हो गया। क्या हिंदू, क्या मुस्लिम-हर कोई ''सांसों की माला पे...'' और ''तेरी दीवानी'' के सूफियाना रंग में रंगा नजर आया।

सलमान अली ने जब ''दमादम मस्त कलंदर'' छेड़ा, तो युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई अपनी जगह पर झूमने को मजबूर हो गया। सलमान अली की जादुई आवाज ने उस वक्त समां और बांध दिया जब उन्होंने दर्शकों की फरमाइश पर एक के बाद एक सुपरहिट नगमे पेश किए। संगीत प्रेमियों का कहना था कि होली और ईद के इस साझा मंच पर सलमान की गायकी ने वह ''जगह'' बना ली है, जो लंबे समय तक याद रखी जाएगी।

इधर, महोत्सव की रौनक केवल मंच तक सीमित नहीं थी। पंडाल के भीतर एक छोटा हिंदुस्तान बसता दिखा। युवतियों और महिलाओं के हाथों में सजी मेहंदी और रंग-बिरंगी चूड़ियों की खनक ने त्योहार के उल्लास को दोगुना कर दिया। मेयर डॉ. उमेश गौतम सहित शहर की नामचीन हस्तियों ने बरेली की पहचान बताते हुए डॉ. अनीस बेग के प्रयासों की सराहना की। समारोह में खुसरो मिर्जा, विनोद पगरानी, सलीम सुहानी, सैय्यद हैदर अली, नासिर ,बिलाल, सुमैया राणा, बिलाल खान, डॉ. सैफ, सुलेमान बेग, संदेश कन्नौजिया, हर्ष अग्रवाल, फहीम साबिर, ऋषि यादव, दिलीप यादव, कुलदीप वाल्मीकि, राजीव मौर्य, प्रमोद विष्ट आदि मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट पर 'फ्लाइब्रेरी' की शुरुआत यात्रियों को मिलेगा पढ़ने का नया विकल्प


कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी व अफसर। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने यात्रियों की सुविधा और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरेली एयरपोर्ट पर 'फ्लाइब्रेरी' नाम से एक विशेष लाइब्रेरी की स्थापना की है। पहल की प्रेरणा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडु के आह्वान से ली गई। फ्लाइब्रेरी का उद्घाटन क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी, एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल, क्लब सचिव शेखर यादव तथा मुख्य सुरक्षा अधिकारी एसआर विश्नोई ने संयुक्त रूप से किया। क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि जल्द लाइब्रेरी को समृद्ध रूप दिया जाएगा। एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल ने आभार जताया। उन्होंने एयरपोर्ट परिसर में किड्स जोन की स्थापना के लिए भी क्लब से सहयोग का आग्रह किया। जिसे क्लब अध्यक्ष ने स्वीकार किया। नरेश मलिक, अंकित अग्रवाल, मनीष गोयल, अमित मनोहर, नीरज अग्रवाल, विजय खनीजो, डॉ. शुभम गुप्ता और डॉ. जितेंद्र मौर्य का योगदान रहा। टर्मिनल मैनेजर एवं ओएसडी सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## पूजन और नवाह्न रामायण पाठ से गूंजा नव दुर्गा मंदिर

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर की अवधपुरी कॉलोनी स्थित श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस देवी स्कंदमाता का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

प्रातः काल में आयोजित पूजा में हनी मेहंदीरत्ता और राज मेहंदीरत्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर में माता का श्रृंगार, श्रीफल और धर्म ध्वजाएं अर्पित कीं। दोपहर बाद मंदिर प्रांगण में भारती शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने देवी छंद गाकर माहौल देवीमय करदिया। वहीं, सायंकाल डॉ. जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में ग्वाल बालों ने संगीतमय नवाह्न रामायण पाठ किया। कार्यक्रम में सारिका सक्सेना व हर्षिता सक्सेना और रेखा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जेपीएम पब्लिक स्कूल में जिया नूर बनी 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को सम्मानित किया गया। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** भैरपुरा स्थित जमुना प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सोमवार को सत्र 2025-26 के वार्षिक परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। यहां प्री-नर्सरी से कक्षा 11 तक के 36 छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस वर्ष ''स्टूडेंट ऑफ द ईयर'' का खिताब कक्षा तीन की छात्रा जिया नूर को दिया गया। उन्हें ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और टैबलेट प्रदान किया।

एकेडमिक एक्सीलेंस पुरस्कार कक्षा चार के वंश बाबू और कक्षा आठ की राफिया को दिया। इन्हें स्मार्टफोन, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के सात होनहार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 50 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। 16 छात्रों को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए गए। निदेशिका शिखा पटेल और जेपीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रबंध निदेशक वैभव पटेल ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। जेपीएम ग्रुप के चेयरमैन योगेश पटेल ने बच्चों की मेहनत को सराहा।